

## एक नजर में

### ध्यान योग जन संगोष्ठी और नवांकुर सखियों के साथ चौपाल बैठक के बाद शिवना किनारे सफाई अभियान



**मंदसौर।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था द्वारा मल्हारगढ़ विकासखण्ड के मुंदड़ी सेक्टर के गांव मे ध्यान योग जन संगोष्ठी और नवांकुर सखियों के साथ चौपाल बैठक के माध्यम से विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया गया है। इन कार्यक्रमों में पर्यावरण और जल संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। नवांकुर संस्था श्री श्री माँ सेवा संस्थान द्वारा शिवना नदी के तट पर पहुंच कर नवांकुर संखियों ने साफ-सफाई अभियान चलाया व ध्यान योग के बाद धार्मिकता के आधार पर नदी जल संरक्षण स्वच्छता का संकल्प दौराते हुए शपथ ली गई। संस्था सचिव राधिका तिवारी ने बताया कि ध्यान और योग : जल संरक्षण का संदेश देने के लिए ध्यान, योग और नदी अनुभूति जैसी गतिविधियों का उपयोग किया गया। जिसमे जल संरक्षण चौपाल आयोजित की गई, जहाँ जल के महत्व और उसके संरक्षण के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला समन्वय तृप्ति बैरागी ने पर्यावरण संरक्षण, के कार्यक्रमों में नदी की साफ-सफाई पर ध्यान केंद्रित किया गया और नदी की पूजा करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस आयोजनों में नवांकुर सख्यि एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी को बड़ावा दिया गया।

### दलौदा मंडल भाजपा कार्यालय का शुभारंभ



**दलौदा।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर दलौदा मंडल भाजपा कार्यालय का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर एवं वरिष्ठ नेता नानालाल अटोलिया के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि भाजपा का कार्यालय केवल कार्यालय नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के लिए देवालय के समान है। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर मंदसौर में संभागीय कार्यालय के निर्माण कार्य की भी शुरुआत हुई है। वहीं राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने भाजपा को 13 करोड़ कार्यकर्ताओं वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बताते हुए कहा कि लंबे संघर्ष के बाद पार्टी ने यह मुकाम हासिल किया है और कार्यालय जनसमस्याओं के समाधान के केंद्र बनेंगे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुमित सेन ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, धीरज पाटीदार, शिवराज सिंह राणा, जीवन शर्मा, गौरव अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन विनोद धनोतिया ने किया, जबकि आभार राजेंद्र सिंह शक्तावत ने माना। मंडल कार्यालय हेतु दो दुकानें नि:शुल्क उपलब्ध कराने पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप धाकड़ का अतिथियों द्वारा दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

## परिषद में पहली बार 30 प्रतिशत महिलाओं को मिलेगा आरक्षण : वर्मा

▸ राज्य अधिवक्ता परिषद के प्रत्याशी वर्मा का जनसंपर्क के लिए मंदसौर हुआ आगमन



**मंदसौर। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव के सदस्य पद के प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार वर्मा का जनसंपर्क अभियान के तहत मंदसौर नगर आगमन हुआ जहां आपने प्रात:काल भगवान श्री पशुपतिनाथ एवं श्री नालछा माता के दरबार में पूजन अर्चन कर जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं से संपर्क किया। इस दौरान जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रघुवीरसिंह पंवार सहित अन्य अभिभाषकों से सम्पर्क कर विस्तार से चर्चा की।**

इस अवसर पर चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देते हुए प्रत्याशी सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि अधिवक्ता परिषद के चुनाव की प्रक्रिया तेज हो चुकी है और प्रारंभिक मतदाता सूची भी जारी की जा चुकी है। नामांकन फार्म का शुल्क 5 हजार रू. एवं नामांकन शुल्क 1 लाख 25 हजार रू. निर्धारित किया गया है जिसमें दिव्यांग प्रत्याशियों को छूट दी गई है। यह राशि गैर वापसी योग्य रहेगी। इसमें केवल वही प्रत्याशी अधिवक्ता मतदान कर सकता है जिन्होंने अपनी सनद का सत्यापन करा लिया है।

आपने बताया कि इस बार इस चुनाव में 30 प्रतिशत सीटे महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है इस बार कुल 25 सीटों में से 7 सीटों पर महिला उम्मीदवारों का चयन होगा। यह चुनाव हाई पावर इलेक्शन कमेटी की निगरानी में संपन्न होंगे।

इस अवसर पर आपके साथ पधारे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अभिभाषक प्रवीण रावल ने बताया कि सुरेंद्रकुमार वर्मा 13 बार इंदौर अभिभाषक संघ के अजेय अध्यक्ष रहे हैं आपने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट एवं अभिभाषकों के लिये पेंशन योजना के लिए भी कई आंदोलन किए हैं आप निडरता के साथ काम करते हैं। जनसंपर्क अभियान के आरंभ में मंदसौर पहुंचने पर श्री वर्मा एवं रावल का स्वागत मध्यप्रदेश माली समाज ट्रस्ट के संरक्षक फकीरचंद सैनी एफ दयाराम, प्रदीप भाटी, शिवमंगलसिंह राणा, किशोर गहलोत, आदि द्वारा दुपट्टा पहनाकर तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर न्यूयॉर्क अमेरिका निवासी हनुमान प्रसाद भाटी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण के लिए एकजुटता

**सुवासरा। जन अभियान परिषद के निर्देश में नवांकुर नवप्रभा सामाजिक संस्था द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत सेक्टर के ग्राम ढाबला भगवान में जल चौपाल और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को समझाकर आमजन को प्रेरित करना था।**

सभी नागरिकों को जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने हेतु संवाद किया गया। जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए सरोवर के आसपास जमी गंदगी और खरपतवार को हटाकर जल स्त्रोत की सफाई की गई, ताकि आगामी वर्षा ऋतु में जल संग्रहण बेहतर तरीके से हो सके। नवांकुर संस्था की सचिव टीना सोनी, परामर्शदाता चरणसिंह प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष विजयसिंह ग्रामीणजन और समाजसेवियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व को समझाकर आमजन को प्रेरित किया और जल स्त्रोतों की सफाई के लिए कार्य किया।

टीना सोनी ने कहा कि हम सभी जल संरक्षण के लिए एकजुट हों और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल का संरक्षण करें। हमें जल संरक्षण के लिए अपने दैनिक जीवन में कुछ बदलाव लाने होंगे, जैसे कि पानी का उपयोग सावधानी से करना, जल स्त्रोतों को साफ रखना, जल प्रदूषण को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने पड़ेंगे।



## मंदसौर पुलिस की जनसुनवाई में 28 आवेदनों का त्वरित निराकरण

**मंदसौर।** आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं विधिसंगत निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार को जिला पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने स्वयं उपस्थित रहकर कुल 28 आवेदकों की शिकायतें सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति सहित थाना प्रभारी कोतवाली पुष्पेंद्र सिंह राठौर, यशोधर्मन नगर थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय एवं नई आबादी थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को विधिसंगत निराकरण के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान पुलिस की प्राथमिकता है।

**एक नजर** ▸ बड़े साथ ओसवाल जैन सोश्यल ग्रुप ने राहगीरों के लिए स्थापित किया जल मंदिर

## ठंडे पानी की व्यवस्था राहगीरों के लिए बड़ी राहत साबित होगी : विधायक जैन

**मंदसौर। बड़ेसाथ ओसवाल जैन सोश्यल ग्रुप मंदसौर द्वारा व्यस्ततम मार्ग संजीत रोड़ पर एचडीएफसी बैंक के सामने तपती गर्मी में राहगिरों की सुविधा के लिये समीरमल अजयकुमार मारू परिवार के सौजन्य से स्व. हंसा जैन (मारू) की स्मृति में जल मंदिर की स्थापना की गई।**




इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने कहा कि बड़ेसाथ ओसवाल जैन सोश्यल ग्रुप एवं मारू परिवार द्वारा गर्मी में राहगिरों के प्यासें कंठों को शीतल जल उपलब्ध कराकर सराहनीय कार्य किया है। यहां शीतल जल की व्यवस्था राहगिरों के लिये बड़ी राहत साबित होगी।

स्वागत उद्बोधन देते हुए ग्रुप के अध्यक्ष अक्षय मारू ने कहा कि ग्रुप सेवा कार्यों के लिये कृत संकल्पित है। इस वर्ष यह ग्रुप हर क्षेत्र में मानवमात्र की सेवार्थ कार्य करेगा। समीरमल मारू परिवार विगत 10 वर्षों से जल मंदिर लगाकर सेवा कार्य कर रहा है। इस वर्ष बड़ेसाथ ओसवाल सोश्यल ग्रुप के साथ इस सेवाभाव को करने से ग्रुप मारू परिवार का आभारी है।

प्रारंभ में विधायक श्री जैन एवं लाभार्थी परिवार के समीरमल मारू, अजयकुमार मारू, विजय कुमार मारू का ग्रुप द्वारा बहुमान किया गया। इस दौरान ग्रुप के मार्गदर्शक प्रेमेन्द्र चौरड़िया, सुनील तलेरा, परामर्शदाता अशोक मारू, संजय मुरड़िया, उपाध्यक्ष धीरज कांकरिया, कोषाध्यक्ष अनिल नाहर, पार्षद प्रीतम पंचोली व ग्रुप के संचालक मण्डल सदस्य दिनेश रांका, जितेन्द्र लोड़ा, संजय मारू सहित ग्रुप के सदस्य राकेश छाजेड़, रविन्द्र संघवी एवं क्षेत्रीय नागरिक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन ग्रुप के महामंत्री राजेश सिंघवी द्वारा किया गया।

# नीमच

## एक नजर में

### कुटिया से गायब संत मिले सुरक्षित



**नीमच।** जिले में इन दिनों जिस घटना को लोग चमत्कार और रहस्य मान रहे थे, उसका अब पूरा सच सामने आ गया है। जीरन थाना क्षेत्र के दलपतपुरा झील के बीच स्थित रामझर महादेव मंदिर से संत कन्हैयालाल महाराज के रहस्यमयी तरीके से गायब होने की खबर ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। घटना के बाद मंदिर परिसर में बनी कुटिया अंदर से बंद मिली थी। ना कोई खिड़की, ना दूसरा रास्ता ऐसे में संत के अचानक गायब होने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। कई लोगों ने इसे चमत्कार और दैवीय घटना तक बता दिया था। लेकिन सोशल मीडिया पर मामला सामने आने के बाद इस रहस्य से पर्दा उठ गया। संत कन्हैयालाल महाराज सिंगोली क्षेत्र के तिलस्वां महादेव मंदिर में सुरक्षित मिले। उन्होंने स्वयं अपने परिजनों को फोन कर अपनी कुशलता की जानकारी दी। इस पूरे मामले में जीरन थाना प्रभारी उमेश यादव ने बताया कि कन्हैयालाल महाराज सुरक्षित हैं और अपने परिजनों के पास वापस आ गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि महाराज स्वयं सिंगोली क्षेत्र के तिलस्वां महादेव मंदिर चले गए थे। साथ ही कुटिया का दरवाजा अंदर से बंद करना भी उन्हीं द्वारा किया गया था।

### कार्रवाई नहीं होने से परेशान फरियादी लंगड़ाते-उछलते पहुंचा जनसुनवाई



**नीमच।** कलेक्टर जनसुनवाई में मंगलवार को एक अनोखा विरोध देखने को मिला, जब रतनगढ़ निवासी चांदमल पिता नंदराम चारण अपनी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने से परेशान होकर लंगड़ाते और उछलते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचा। खास बात यह रही कि उसके दोनों पैर स्वस्थ हैं, बावजूद इसके उसने प्रशासन का ध्यान खींचने के लिए यह अनोखा तरीका अपनाया। जानकारी के अनुसार, चांदमल चारण लंबे समय से ग्राम अलोरी/गरवाड़ा क्षेत्र की शासकीय गोचर भूमि पर अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहा है। उसने कई बार जनसुनवाई में ज्ञापन देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही केलाशचंद चारण एवं उनके परिवार द्वारा करीब 10,000 वर्गफीट सरकारी चरागाह भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया गया है। पीड़ित का कहना है कि उक्त भूमि पहले पशुओं के चरने के लिए उपयोग में आती थी, लेकिन अब अतिक्रमण के चलते ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार संबंधित विभागों को शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। चांदमल चारण ने बताया कि लगातार अनदेखी से परेशान होकर उसने यह अनोखा तरीका अपनाया, ताकि प्रशासन का ध्यान उसकी समस्या की ओर जाए। जनसुनवाई में उसने अधिकारियों के सामने अपनी पीड़ा रखते हुए अतिक्रमण हटाने की मांग दोहराई।

### मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ .अवधेश प्रतापसिह 11 अप्रेल को नीमच आएंगे

**नीमच।** मप्र .मानव अधिकार आयोग भोपाल के अध्यक्ष डॉ .अवधेश प्रतापसिह शनिवार 11 अप्रैल को प्रात : 10 बजे गांधी सागर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे कार द्वारा नीमच सर्किट हाउस आएंगे और दोपहर 12 .30 बजे समाज सेवी संगठनों के पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे। आप शाम 7 बजे होटल एवं रिर्जाट मणिरत्नम महू रोड नीमच पर भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित शपथ विधि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के बाद रविवार रात्रि 1 .45 बजे जयपुर भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।






## खाटू श्याम मंदिर में चोरी, दानपेटी तोड़कर बदमाश चुरा ले गया नकदी

**नीमच। शहर के व्यस्त तिलक मार्ग स्थित प्राचीन श्री खाटूश्याम मंदिर में दिनदहाड़े चोरी की घटना सामने आई है। एक चोर मंदिर से दानपात्र चुरा ले गया। यह पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका फुटेज मंगलवार सुबह सामने आया।**

जानकारी के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब शहर की सड़कों पर सामान्य आवाजाही थी, लेकिन मंदिर परिसर में शांति थी। इसी का फायदा उठाकर चोर मंदिर में दाखिल हुआ। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि चोर ने तेजी से दानपात्र उठाया और मौके से फरार हो गया। यह घटना घनी आबादी वाले तिलक मार्ग जैसे क्षेत्र में हुई है।

**छत पर ले गया दानपेटी**-चोर दानपात्र लेकर मंदिर की छत पर चला गया। वहां उसने किसी औजार की मदद से दानपात्र को तोड़ दिया और उसमें रखी नकदी निकालकर फरार हो गया। चोरी का पता तब चला जब मंदिर के पुजारी या सेवादार वहां पहुंचे। उन्हें छत पर टूटा हुआ खाली दानपात्र मिला।

> **पहले भी हो चुकी है चोरी**
>
> यह पहली बार नहीं है जब इस प्राचीन मंदिर में चोरी हुई है। इससे पहले भी यहां ऐसी वारदातें हो चुकी हैं। बार-बार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र के रहवासियों और श्याम भक्तों में नाराजगी है। उनका कहना है कि शहर के मध्य में होने के बावजूद दिनदहाड़े चोरी होना कानून व्यवस्था पर सवाल उठाता है। सीसीटीवी फुटेज में चोर का चेहरा साफ दिखने के बावजूद वह अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर है।

### महिला की जमीन पर दबंगई गेहूं निकालने से रोका

**नीमच।** जिले में एक महिला की कृषि भूमि पर दबंगई और प्रताड़ना का मामला सामने आया है। ग्राम फोफल्या टप्पा निवासी संगीता बाई ने मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन देकर अपनी फसल निकालने में बाधा और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है। पीड़िता के अनुसार उसकी कृषि भूमि सर्वे नंबर 20, 17 और 21 पर स्थित है, जहां गेहूं की फसल तैयार होकर कट चुकी है। जब वह थ्रेशर मशीन से फसल निकलवा रही थी, तभी गांव के कुछ लोगों ने जबरन रास्ता रोक दिया और फसल निकालने से मना कर दिया। संगीता बाई ने आरोप लगाया कि लीलाराम, उदयराम और संदीप सहित अन्य लोगों ने दबंगई दिखाते हुए न केवल रास्ता अवरुद्ध किया, बल्कि बिजली मोटर और कनेक्शन का भी अवैध उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भूमि को लेकर मामला पहले से ही राजस्व और सिविल न्यायालय में लंबित है, इसके बावजूद लगातार परेशान किया जा रहा है। पीड़िता ने यह भी बताया कि पिछले एक वर्ष से वह और उसका परिवार प्रताड़ना झेल रहा है। आरोपियों द्वारा गाली-गलौज कर मारपीट की धमकी दी जा रही है, जिससे परिवार भय के माहौल में जी रहा है। वहीं फसल नहीं निकाल पाने से आर्थिक नुकसान की आशंका भी बनी हुई है।



## खड़ी कार में लगी अचानक आग, लोगों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

**नीमच।** शहर के महू रोड पर सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक वर्कशॉप के बाहर खड़ी कार में अचानक धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। घटना दोपहर करीब 12 बजे पाटीदार मारुति वर्कशॉप के बाहर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, वहां खड़ी एक ऑल्टो कार से पहले धुआं निकलना शुरू हुआ और कुछ ही पलों में आग भड़क गई। आग लगते ही वर्कशॉप के कर्मचारियों और आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी ने तत्परता दिखाते हुए अग्निशमन यंत्र और पानी की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

स्थानीय लोगों की मुस्तैदी और सूझबूझ के चलते कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जहां कार में आग लगी, उसके पास अन्य वाहन भी खड़े थे और नजदीक ही एक कार शोरूम भी मौजूद है। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो यह आसपास खड़े वाहनों तक फैल सकती थी, जिससे भारी नुकसान हो सकता था। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक आशंका है कि तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट के चलते यह हादसा हुआ होगा। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। समय रहते लोगों द्वारा दिखाई गई सजगता सेएक संभावित बड़ी दुर्घटना टल गई।

**एक नजर** ▸ माल उपलब्ध कराने वाले अन्य व्यक्ति को भी बनाया सहआरोपी

## 166 किलोग्राम डोडाचूरा और कार को पकड़ने में पुलिस को सफलता

**नीमच।** अवैध मादक पदार्थ तस्करों एवं नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अवैध मादक पदार्थ 166 किलोग्राम अफीम डोडाचूरा जब्त करने में चौकी सरवानिया महाराज थाना जावद ने सफलता प्राप्त की है । दिनांक 06.04.2026 को पुलिस थाना जावद चौकी सरवानिया महाराज पर मुखबीर द्वारा एक सफेद रंग की होन्डा जैज कार क्र. ष्ठरु7 ष्ठ्य 7931 से अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा तस्करी हेतु लेकर जाने की सूचना प्राप्त होने पर ग्राम लासुर-बागरेड रोड, गुलानिया भेरूबावजी के पास नाकाबंदी कि



नाकाबन्दी की जाकर आरोपी के कब्जे से 166 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा को एनडीपीएस एक्ट के आज्ञापक प्रावधानों का पालन करते हुए एक सफेद रंग की होन्डा जैज कार क्र. ष्ठरु7 ष्ठ्य 7931 के चालक आरोपी दिनेश पिता शेराराम जाति जाट उम्र 28 साल निवासी ग्राम बिरसालू कला पुलिस थाना खेड़ापा जिला जोधपुर व रूघाराम पिता निम्बाराम जाति जाट उम्र 32 साल निवासी ग्राम बिरसालू कला पुलिस थाना खेड़ापा जिला जोधपुर राजस्थान के कब्जे से जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी से जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा लाने ले जाने के स्त्रोतों के संबंध में पूछताछ की जा कर अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा उपलब्ध कराने वाले कालु उर्फ कारूलाल पिता बंशीलाल बंजारा निवासी रायसिंहपुरा पुलिस थाना नीमच सिटी जिला नीमच (म.प्र.) को भी सह आरोपी बनाया गया है ।

आरोपी दिनेश पिता शेराराम जाति जाट उम्र 28 साल निवासी ग्राम बिरसालू कला पुलिस थाना खेड़ापा जिला जोधपुर, रूघाराम पिता निम्बाराम जाति जाट उम्र 32 साल निवासी ग्राम बिरसालू कला पुलिस थाना खेड़ापा जिला जोधपुर राजस्थान, कालु उर्फ कारूलाल पिता बंशीलाल बंजारा निवासी रायसिंहपुरा पुलिस थाना नीमच सिटी जिला नीमच (म.प्र.)

> **ये किया जब्त**
>
> कुल मादक पदार्थ डोडाचुरा : 166 किलोग्राम
> वाहन: एक सफेद रंग की होन्डा जैज कार क्र . ष्ठरु7 ष्ठ्य 7931
> कुल अनुमानित मूल्य: लगभग 6,30,000 रुपये

**सराहनीय भूमिका**- पुलिस टीम चौकी सरवानिया महाराज थाना जावद।